# BIHAR SPONGE IRON LIMITED

REGISTERED OFFICE & PLANT : UMESH NAGAR, CHANDIL-832401, DISTT. SARAIKELA- KHARSAWAN, JHARKHAND
Ph. +91 9955542302 E-mail: companysecretary@bsil.org.in / bsilchandil@gmail.com / Web : bsil.org.in
CIN: L27106JH1982PLC001633

**BSIL/CS/SE/2023** **Dated: 06th September, 2023**

The General Manager
Listing Centre
BSE Limited
P J Towers, Dalal Street,
MUMBAI- 400 001.

**Subject -** **Newspaper Publication of Public Notice regarding Annual General Meeting (AGM)**

**Scrip Code - 500058**

Dear Sir/Madam,

Please find attached the newspaper publications regarding the Notice of 41st Annual General Meeting (AGM), pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. We have pleasure to furnish herewith paper clippings of the above, published in newspapers – Financial Express - English and Naya India - Hindi, Ranchi edition on Wednesday, the 6th September, 2023.

Notice of AGM, Annual Report for F.Y. 2022-23 and other related information will be submitted in due course of time.

The same will also be available on Company's website at www.bsil.org.in.

The above is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
**For Bihar Sponge Iron Limited**

Vimal Prasad Gupta
Digitally signed by Vimal Prasad Gupta
Date: 2023.09.06 12:54:59 +05'30'

Vimal Prasad Gupta
Company Secretary &
Compliance Officer

Attached – As above

# खेल

## सार समाचार

### कोलंबो के बजाय हंबनटोटा में हो सकते हैं एशिया कप के मैच

**कोलंबो, भाषा।** एशिया कप एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के सुपर चार के मैच और फाइनल को कोलंबो के बजाय दक्षिण में स्थित हंबनटोटा में आयोजित किया जा सकता है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) जल्द ही इस बारे में घोषणा कर सकती है। कोलंबो और कैंडी में भारी बारिश के कारण यह फैसला लिया गया है। कैंडी के पालेकल स्टेडियम में खेले गए भारत के दोनों मैच बारिश से प्रभावित रहे थे। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को बहुप्रतीक्षित मुकाबले में केवल एक पारी का खेल हो पाया था जबकि नेपाल के खिलाफ भारत का मैच भी बारिश से प्रभावित रहा था। सूत्रों ने कहा कि प्रसारण ऑपरेटरों और स्थानीय संचार सेवा प्रदाताओं को अपनी सुविधाओं को हंबनटोटा में स्थानांतरित करने के लिए कहा गया है। हंबनटोटा शुष्क क्षेत्र है जहां हाल के सप्ताहों में सूखा पड़ा था। इसका मतलब है कि कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में होने वाले सुपर चार के पांच मैच और फाइनल हंबनटोटा में आयोजित किए जा सकते हैं। हंबनटोटा का राजपक्षे स्टेडियम एशिया कप के शुरुआती कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था। यहां आखिरी वनडे अगस्त में खेला गया था जब अफगानिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में पाकिस्तान की मेजबानी की थी। भारत और पाकिस्तान के बीच पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के कारण इन दोनों देशों के बीच अगले मैच के लिए 'रिजर्व दिन' रखने का भी प्रस्ताव है।

### चोटिल नजमुल हुसैन शान्तो एशिया कप से बाहर

**लाहौर, आईएएनएस।** एशिया कप 2023 में बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले नजमुल हुसैन शान्तो चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में 104 रन की पारी के दौरान शान्तो हैमस्ट्रिंग की परेशानी से जूझते नजर आए थे। अगले दिन, एक एमआरआई रिपोर्ट में मांसपेशियों में खिंचाव की पुष्टि हुई और शान्तो को विश्व कप 2023 के लिए सुरक्षित रखने के लिए मेडिकल टीम ने आराम करने की सलाह दी।

राष्ट्रीय टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने कहा, शान्तो ने बल्लेबाजी के दौरान हैमस्ट्रिंग में दर्द की शिकायत की थी और वह फील्डिंग नहीं कर सके। हमने एमआरआई स्कैन कराया था, जिसमें मांसपेशियों में चोट की पुष्टि हुई है। एहतियात के तौर पर, शान्तो टूर्नामेंट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे और पुनर्वास शुरू करने और विश्व कप की तैयारी के लिए घर लौट आएंगे। शान्तो टूर्नामेंट में बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। वह पहले मैच में शीर्ष स्कोरर थे, उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 89 रनों की जुझारू पारी खेली।

## खबरदार नीरज, खेल में कोई दोस्त नहीं होता!

■ राजेंद्र सजवान

हार जीत सिक्के के दो पहलू हैं और यह जरूरी नहीं कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में कोई सदा अजेय रहता हो। एक न एक दिन बड़े से बड़े चैंपियन को हार का सामना भी करना पड़ता है और हार से सबक लेकर ही इंसान महानतम बनता है। इसमें दो राय नहीं कि भारत के महान एथलीट नीरज चोपड़ा अपने खेल में श्रेष्ठतम हैं। उनके खाते में हर बड़े से बड़ा खिताब दर्ज है। लेकिन उनका लक्ष्य अब 90 मीटर तक भाला फेंकना है, जिसके वे एकदम करीब पहुंच चुके हैं।




उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94मीटर है। जहां तक वर्तमान थ्रोवरों की बात है तो चेकोस्लोवाकिया के जाकुब, जर्मनी के पीटर एंडरसन और पाकिस्तान के अरशद नदीम नब्बे मीटर का। आंकड़ा छू चुके हैं। 25 वर्षीय भारतीय चैंपियन का लक्ष्य भले ही नब्बे पार करने का है लेकिन वे यह भी जानते हैं कि उनके परम मित्र और मैदान पर सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के अरशद नदीम चुपचाप उनके पीछे चल रहे हैं और फिलहाल भाला फेंक स्पर्धा दो एशियाई चैंपियनों के बीच सिमट कर रह गई है।

आंकड़ों की बात करें तो। नीरज और नदीम जब कभी टकराए हैं बाजी नीरज के हाथ लगी है। टोक्यो ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में दोनों शीर्ष पर रहे। कुल प्रतिस्पर्धा में नीरज अब तक अपने पाकिस्तानी दोस्त से आगे हैं। जूनियर सहित तमाम ओपन स्पर्धाओं की बात करें तो नीरज 9-0 की बढ़त के साथ आगे बढ़ रहे हैं। नदीम के खाते में बर्मिंघम कामनवेल्थ खेलों में जीता स्वर्ण पदक जरूर है। तब नीरज की अनुपस्थिति में नदीम ने 90.18 मीटर के दमदार थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था।

हालांकि दोनों खिलाड़ी बार बार कहते रहे हैं कि उनके बीच प्रतिद्वंद्वीता जेसी कोई बात नहीं है लेकिन नीरज अपने शानदार रिकार्ड को अवश्य बरकरार रखना चाहेंगे तो नदीम एशियाड और ओलंपिक में खिताबी जीत को लक्ष्य बना कर चल रहे हैं। भले ही वे कितनी भी शालीनता दिखाएं लेकिन चैंपियन बनना उनका भी सपना है।

इसमें दो राय नहीं कि नीरज की तरह नदीम भी आदर्श खिलाड़ी हैं। दोनों एक दूसरे का भरपूर सम्मान करते हैं जिसका ताजा उदाहरण तिरंगे के साथ छपी दोनों चैंपियनों की फोटो है। नदीम सादगी के साथ नीरज के पीछे पीछे चल रहे हैं। नीरज से एक साल बड़े नदीम छह फुट दो इंच के हैं, जोकि आदर्श ऊंचाई मानी जा सकती है। आम पाकिस्तानी भले ही नीरज का मुरीद है लेकिन वे नदीम को चैंपियन बनते देखना चाहते हैं। देखना यह होगा कि नीरज कब तक अजेय बने रहेंगे। बेशक, आम भारतीय उनकी जीत की कामना करता है लेकिन दबे पांव नदीम भी उनका पीछा कर रहा है।

## हार्दिक का फॉर्म हमारे लिये अहम: रोहित

**पालेकल** ■ भाषा/डेस्क

भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को कहा कि आईसीसी विश्व कप जीतने के लिये हार्दिक पंड्या का फॉर्म टीम के लिये काफी महत्त्वपूर्ण होगा। स्टार हरफनमौला पंड्या को विश्व कप के लिये भारत का उपकप्तान बनाया गया है।




पंड्या ने रोहित की गैर मोजूदगी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे में कप्तानी की थी। इसके अलावा वह टी20 टीम के कप्तान भी हैं। विश्व कप के लिये भारतीय टीम के ऐलान के बाद रोहित ने कहा, उसका फॉर्म हमारे लिये अहम है।

दोनों पारियों में चाहे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी। यह अहम है। उन्होंने कहा, पिछले साल उसने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से प्रभावित किया। यह हमारे लिये काफी अहम है।

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच में चार विकेट 66 रन पर गंवाने के बाद पंड्या और ईशान किशन ने टीम को 266 रन तक पहुंचाया। रोहित ने कहा, आपने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में देखा। हार्दिक और ईशान ने अच्छे रन बनाये।

## विश्व कप के लिये भारतीय टीम का ऐलान

### चयनकर्ताओं ने ईशान किशन को दूसरा विकेटकीपर बल्लेबाज चुना है, सैमसन को नहीं मिली जगह।

**पालेकल** ■ भाषा/डेस्क

फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को विश्व कप के लिये भारत की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है। चयनकर्ताओं ने टीम में सात बल्लेबाजों और चार हरफनमौलाओं को जगह दी है। मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने कहा कि राहुल की फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है हालांकि वह एशिया कप में भारत के ग्रुप मैचों के लिये श्रीलंका नहीं गए। राहुल नौ सितंबर से शुरू हो रहे



सुपर फोर मैचों के लिये श्रीलंका पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल ने एनसीए में बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग दोनों में अपनी फिटनेस साबित कर दी है। चयनकर्ताओं ने ईशान किशन को दूसरा विकेटकीपर बल्लेबाज चुना है। कप्तान रोहित शर्मा ने हालात के अनुसार अंतिम एकादश में राहुल और ईशान दोनों के चुने जाने की संभावना से इनकार नहीं किया। दोनों के चयन से संजू सैमसन के रास्ते बंद हो गए जो इस समय श्रीलंका में एशिया कप में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर भारतीय टीम के साथ हैं। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने वाले श्रेयस अय्यर को मध्यक्रम में जगह मिली है। सूर्यकुमार यादव को वनडे में खराब फॉर्म के बावजूद तिलक वर्मा पर तरजीह दी गई। टीम में जगह नहीं पा सके खिलाड़ियों के बारे में रोहित ने कहा कि प्रबंधन को कई बार टीम के फायदे में कड़े फैसले लेने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, टीम में अपनी जगह के लिये संघर्ष करना बुरी बात नहीं है। चुनौतियां बढती है और चयन कठिन होता जाता है। हमें देखना होता है कि कौन फॉर्म में है और विरोधी टीम को देखते हुए कौन सा खिलाड़ी फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा, ऐसा हमेशा होता है।

## प्रणय और सेन चाइना ओपन के पहले दौर में बाहर

**चांग्झू** ■ भाषा/डेस्क

विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय मंगलवार को यहां मलेशिया के एनजी त्जे योंग से तीन गेम तक चले मैच में हारकर चाइना ओपन सुपर 1000 बेडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में बाहर हो गए।



विश्व में छठे नंबर के भारतीय खिलाड़ी को एक घंटे छह मिनट तक चले मैच में मलेशिया के विश्व में 22वें नंबर के खिलाड़ी से 12-21 21-13 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के मौजूदा चैंपियन लक्ष्य सेन भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 21-23 21-16 9-21 हार झेलनी पड़ी। यह मैच एक घंटे 18 मिनट तक चला। इसके बाद प्रियांशु राजावत को इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रुस्तावितो से 13-21, 24-26 से हार का सामना करना पड़ा जिससे पुरुष एकल में भारतीय चुनोती समाप्त हो गई। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी चेन किंग चेन और जिया यी फैन की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से 18-21, 11-21 से हार गई।

पीवी सिंधू के एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण आखिरी क्षण में हट जाने के कारण महिला एकल में भारत की कोई भी खिलाड़ी भाग नहीं ले रही है।

## भारत के खिलाफ श्रृंखला से हट सकते हैं क्विंटन डिकॉक

**डरबन, भाषा।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ऑस्ट्रेलिया की बिग बेश लीग (बीबीएल) से अनुबंध करने के कारण दिसंबर में भारत के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला से हट सकते हैं। डिकॉक ने बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ अनुबंध किया है और उनका इस टूर्नामेंट में खेलने की योजना है। दिसंबर में जब यह टूर्नामेंट खेला जाएगा उसी दौरान 10 से 21 दिसंबर के बीच भारत और दक्षिण अफ्रीका सीमित ओवरों की श्रृंखला में एक दूसरे का सामना करेंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका डिकॉक की बीबीएल में भागीदारी से अवगत है लेकिन उसका मानना है कि वह केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी है और ऐसे में वह राष्ट्रीय टीम को प्राथमिकता देगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी**

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई०-निविदा संख्या-WRD/MID/KHUNTI/ F₂-11/2023-24 दिनांक -04.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बंकी नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखंड-अड़की, जिला-खूँटी |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 69.170 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 20.09.2023 |
| 6 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड.फी.अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2023 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी। eemidkhun-cemr-jhr@nic.in, 9934355409 |
| 10 | ई० निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, राँची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651-2214784 |

नोटः-केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट- jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी

PR 306242 Minor Irrigation(23-24)#D

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**
**E-Procurement Very Short Tender Notice**

**Tender Reference No. DWSD/LTR/SVS-18/22-23 (3rd Call) Date – 04-09-2023**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | Name of Department | :- | Drinking Water & Sanitation Department. Jharkhand |
| 02 | Date & Time of Tender uploading in Web site | :- | 05.09.2023 at 03.00 P.M |
| 03 | Last date of Receipt of Bid | :- | 11.09.2023 upto 05.00 P.M |
| 04 | Last date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money | :- | 12.09.2023 at 05.00 P.M 1. Executive Engineer D W & S Div Latehar 2. SE D W & S Circle Medininagar |
| 05 | Date of Opening Tender | :- | 13.09.2023 at 02.30 P.M |
| 06 | Name & Address of Tender Inviting Authority | :- | Executive Engineer D W & S Div Latehar |
| 07 | Contact No of Procurement Office | :- | 9199154542 & 6201242103 |

**Detail of work:-**

| Sl No | Name of work | Gr No | No of Scheme | No of FHTC | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Const. of RWSS for SVS under JJM in Damodar Village of Latehar District with FHTC work under D W & S Div Latehar for F.Y 2022-23. | SVS Damodar | 09 | 142 | 6817986.00 | 137000 | 10000.00 | 03 Month |

1.Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2.Further details can be seen on website http://jharkhandtender.gov.in
3.Only Registerd Contractor in this Department in Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 306238 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी**

**ई०-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई०-निविदा संख्या-WRD/MID/KHUNTI/ F₂-13/2023-24 दिनांक -04.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बुढ़ी पतरा नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखंड-तोरपा, जिला-खूँटी |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 95.923 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 20.09.2023 |
| 6 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 30.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड.फी.अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2023 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी। eemidkhun-cemr-jhr@nic.in 9934355409 |
| 10 | ई० निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, राँची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651-2214784 |

नोटः-केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट- jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी।

PR 306247 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

ई० निविदा संख्या-WRD/MID/GUMLA/ F₂-13/2023-24
दिनांक -02.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सिरी नाला पर एकल चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड- सिसई, जिला- गुमला |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 62.055 लाख |
| 3 | परिमाण विपत्र का मूल्य (लाख में) | 0.10 लाख |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 335 दिन |
| 5 | ई० निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 13.09.2023 |
| 6 | ई० निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.09.2023 5:00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 22.09.2023 1:00 बजे अपराह्न |
| 8 | बीड.फी.अग्रधन इत्यादि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 21.09.2023 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं० | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। eemidgum@gmail.com , 8986890345 |
| 10 | ई० निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। 2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, राँची। 3. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, रूपांकण प्रमंडल, रांची। |
| 11 | ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651-2214784 |

नोटः-केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट- jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

PR 306155 Minor Irrigation(23-24).D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़**

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई-अतिअल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-14/2023-24 जिसका PR No.-306008 (Rural Work Development) 23-24 (D) को अपरिहार्य कारणों से निम्न रूपेण संशोधित किया गया है। शेष सभी शर्त्तें यथावत् है :-

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक 30.09.2023
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 30.09.2023 से दिनांक 09.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 10.10.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ दिनांक 11.10.2023 अपराह्न 2.00 बजे।

ह०/-
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.306262 Rural Development(23-24):D

**BIHAR SPONGE IRON LIMITED**
CIN: L27106JH1982PLC001633
**Registered Office:** Umesh Nagar, Chandil,
Dist. Saraikela-Kharsawan, Jharkhand-832401.
Ph. +91 9955542302,
**E-mail:** companysecretary@bsil.org.in, **Website:** www.bsil.org.in

**INFORMATION REGARDING 41ST ANNUAL GENERAL MEETING**

Dear Member(s)

The 41st Annual General Meeting ("AGM") of the Members of Bihar Sponge Iron Limited will be held on **Friday, the 29th September, 2023 at 04:00 P.M. (IST)**, through Video Conferencing ("VC")/Other Audio Visual Means ("OAVM"), in compliance with all the applicable provisions of the Companies Act, 2013 (the "Act") and the Rules made thereunder and the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations") read with Circular No. 20/2020 dated May 05, 2020 read with General Circular No. 02/2022 dated May 05, 2022 and General Circular No. 10/2022 dated December 28, 2022 (MCA Circulars) and SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated January 05, 2023, to transact the business set out in the Notice calling the AGM. Members attending the AGM through VC / OAVM shall be reckoned for the purpose of quorum under Section 103 of the Act.

In compliance with the applicable Circulars, the Notice of AGM and the Annual Report for the Financial Year 2022-23 will be sent only through electronic mode to all the Members of the Company whose email addresses are registered with the Company/ Registrar and Share Transfer Agent (RTA) or Depository Participant (DP). The aforesaid documents will also be available on the website of the Company at www.bsil.org.in and BSE Ltd. at www.bseindia.com and Central Depository Services (India) Ltd. at www.evotingindia.com.

The Company is providing remote e-voting facility ("remote e-voting") to all its members to cast their votes on all the resolutions set out in the Notice of the AGM. Additionally, the Company is providing the facility of voting through e-voting system during the AGM ("e-voting"). Detailed procedure for remote e-voting/e-voting and participation in AGM through VC/OAVM by the Members has been provided in the Notice of the AGM which will be sent to you shortly.

Manner of registration/updation of E-mail addresses for receiving Annual Report and AGM Notice electronically:

a. **For shares held in Demat form:** please register/ update email addresses & mobile no. with your respective Depository Participants (DPs)
b. **For shares held in physical form:** Please provide Form ISR-1, Form ISR-2 and Form No. SH-13 (Nomination Form) duly filled as per the instructions stated therein along with the supporting documents to the Company's Registrar and Transfer Agent (RTA), M/s Beetal Financial & Computer Services Pvt. Ltd., Beetal House, 3rd Floor, 99, Madangir, Behind Local Shopping Complex, Near Dada Harsukhdas Mandir, New Delhi - 110062 or E-mail: beetalrta@gmail.com. The said forms are available on the website of the Company i.e., www.bsil.org.in and its RTA www.beetalfinancial.com.

Members are requested to carefully read all the Notes set out in Notice of the AGM including instructions for joining the AGM and manner of casting vote through remote e-voting/ e-voting during the AGM. Please write to the Company for any assistance.

**For Bihar Sponge Iron Limited**
Sd/-
**Vimal Prasad Gupta**
**Company Secretary & Compliance officer**
FCS 6380

Place: New Delhi
Date: 05.09.2023